**मुख्य विकास अधिकारी जनपद गोरखपुर की अध्यक्षता में दिनांक 13.03.2024 को जल जीवन मिशन अन्तर्गत निर्मित/निर्माणाधीन शिरोपरि जलाशय निर्माण तथा पानी कनेक्शन के सत्यापन की समीक्षा बैठक की कार्यवृत्ति।**

उपस्थिति

1–जिला कृषि अधिकारी
2–जिला कृषि रक्षा अधिकारी
3–सहायक आयुक्त, सहकारिता
4–प्रसार प्रशिक्षण अधिकारी, क्षेत्रीय ग्राम्य विकास संस्थान चरगांवा
5–जिला ग्रामोद्योग अधिकारी
6–जिला समन्वयक, कौशल विकास मिशन
7–अधीक्षक राजकीय उद्यान
8–भूमि संरक्षण अधिकारी, कृषि
9–समस्त खण्ड विकास अधिकारी
10–अधिशासी अभियन्ता, जल निगम, ग्रामीण
11–जिला कोआर्डिनेटर, डी0पी0एम0यू0
12–समस्त, अवर अभियन्ता, जल निगम ग्रामीण
13–समस्त नामित आई0एस0ए0
14–श्री सरोज जेना, डी0जी0एम0, एन0सी0सी0 व अन्य
15–प्रोजेक्ट मैनेजर, ऋत्विक कोया
16–टीम लीडर मेधज व अन्य

दिनांक 13–03–2024 को अपरान्ह 4.00 बजें से बैठक आहुत किया गया। बैठक मे उपरोक्त समस्त अधिकारी उपस्थित रहें। अनुपस्थित अधिकारियो से स्पष्टीकरण मॉगने तथा आगामी माह का वेतन बाधित करने हेतु निर्देशित किया गया।

जनपदस्तरीय अधिकारियो द्वारा ओवर हेड टैंक तथा अन्य परियोजनाओ के निर्माण कार्य का किये गये सत्यापन कार्य में विभिन्न कमियॉ पायी गयी, जिसकी समीक्षा बैठक में उपस्थित नागार्जुन कन्स्ट्रक्शन कम्पनी लि0, अधिशासी अभियन्ता जल निगम ग्रामीण तथा मेसर्स ऋत्विक कोया से की गयी।

**जिला कृषि रक्षा अधिकारी द्वारा** अवगत कराया गया कि विकास खण्ड पाली के ग्राम पंचायत में सत्यापन का कार्य किया गया जिसमें ग्राम पंचायत पट्टी धरमदास, भैंसला मुस्तफाबाद माटखास में बाउण्ड्रीवाल एवं पम्प हाउस क़ा कार्य अपूर्ण पाया गया है। इसी प्रकार विकास खण्ड सहजनवॉ के ग्राम पंचायत गंगहटी, रानीडीह, दरघाट, भरसार, टेकुआपाती तेनुहारी, जोगियाकोल, सिसवा में ओवर हेड टेंक का कार्य अपूर्ण पाया गया है।

सम्बन्धित संस्था द्वारा अवगत कराया गया कि कार्य प्रगति पर है शीघ्र ही कार्य पूर्ण करा लिया जायेगा। अधोहस्ताक्षरी द्वारा निर्देशित किया गया कि निर्धारित अवधि के अन्दर समस्त कार्य पूर्ण करा लिया जाय।

**जिला समन्वयक, उ0प्र0 कौशल विकास मिशन** ने विकास खण्ड बेलघाट के ग्राम पंचायतो में सत्यापन का कार्य किया गया जिसमें ग्राम पंचायत रसूलपुर बाबू, में बाउण्ड्रीवाल के पेंटिंग का कार्य अपूर्ण पाया गया है। ग्राम पंचायत भरमा में ओवर हेड टैंक तथा पम्प हाउस का कार्य अपूर्ण है व प्लास्टर बाकी है। ग्राम पंचायत चिउटहा में ओ0एच0टी0 का कार्य अपूर्ण पाया गया है।

अधोहस्ताक्षरी द्वारा संस्था द्वारा धीमी प्रगति से कार्य कराये जाने के कारण काफी नाराजगी व्यक्त की गयी निर्देशित किया गया कि शीध्र कार्य पूर्ण कराया जाय।

**सहायक निदेशक (रेशम)** ने विकास खण्ड उरूवा के ग्राम पंचायतो में सत्यापन कार्य किया गया, ग्राम पंचायत असिलाभार में ओवरहेड टेंक बाउण्ड्रीवाल, एवं पम्प हाउस का कार्य अपूर्ण है। ग्राम पंचायत बरपार माफी ओवरहेड टेंक का कार्य अपूर्ण है। ग्राम पंचायत दुधारा में ओवरहेड टेंक बाउण्ड्रीवाल, एवं पम्प हाउस का कार्य अपूर्ण है।

संस्था द्वारा अधोहस्ताक्षरी को अवगत कराया गया कि शीध्र कार्य पूर्ण करा लिया जायेगा।

अधोहस्ताक्षरी द्वारा निर्देशित किया गया कि खण्ड विकास अधिकारी, ओवरहेड टैंक के निर्माण कार्य तथा हाउस कनेक्शन के सत्यापन का रिपोर्ट प्रत्येक माह उपलब्ध कराये। सभी कार्यदायी संस्थाओ को निर्देशित किया गया कि कार्य में तेजी लायें, जिससे सभी घरो को शुद्ध पेयजल से आच्छादित किया जा सकें।

मुख्य विकास अधिकारी
गोरखपुर

पत्रांक 127 /तद्दिनाकित। 02-04-2024

**प्रतिलिपिः—निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित—**

1— जिलाधिकारी, गोरखपुर।
2— जिला विकास अधिकारी, गोरखपुर।
3— समस्त नामित नोडल अधिकारी जनपद गोरखपुर ।
4— समस्त खण्ड विकास अधिकारी जनपद गोरखपुर ।
5— अधिशासी अभियन्ता, दशम खण्ड, जल निगम, ग्रामीण गोरखपुर।
6— मेसर्स एन0सी0सी0लि0/मेसर्स ऋत्विक कोया, जनपद गोरखपुर।
7— मेसर्स मेधज टेक्नो कान्सेप्ट प्रा0 लि0 जनपद गोरखपुर।
8— जिला कोआर्डिनेटर, डी0पी0एम0यू0 जनपद गोरखपुर।

2/4/24

मुख्य विकास अधिकारी
गोरखपुर